हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

4

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, 43 आवेदन प्राप्त



खबर संक्षेप

प्रयास विद्यालयों में 9वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयन सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय-सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विद्यालय में उपस्थित होना होगा। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी अर्थात 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होने की अंकसूची, पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र तथा जिला चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, प्रवेश की पात्रता होने पर दो दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में ही प्रवेश लेना होगा। प्रवेश के बाद संस्था परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि के भीतर सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

अम्बिकापुर। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम पसिया कुम्हारपारा निवासी नवरंग राम प्रजापति आ. दिनेश राम प्रजापति (22 वर्ष) रविवार को गांव के ही सहदेव पैकरा, नन्हेश्वर के साथ धान ढोने ग्राम विमड़ा गए थे। धान ढोने के पश्चात शाम को तीनो बाइक से घर आने लगे और जैसे ही बगीचा मुख्य मार्ग घोघरामुड़ा पतरापारा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे नवरंग व नन्हेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि सहदेव को मामूली चोटें आई। सहदेव ने तत्काल घटना की सूचना नवरंग के परिजन को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देख दोनों गंभीर हालत में सड़क पर पड़े हुए है। परिजन घायलों को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने नवरंग को मृत घोषित कर दिया जबकि नन्हेश्वर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कार से अफीम की तस्करी, ढिमरापुर चौक के पास पकड़ा गया युवक

रायगढ़। कोतवाली पुलिस ने ढिमरापुर चौक के पास अफीम बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 47 ग्राम अफीम और एक सिल्वर रंग की ब्रेजा कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कीमत करीब 8 लाख 10 हजार बताई गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली कि ढिमरापुर चौक के पास एक युवक सिल्वर रंग की ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 13 एक्यू 4225 में अफीम बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध कार के पास मौजूद युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अमरजीत सिंह पिता रघुवीर सिंह 20 निवासी रामभांठा जगतपुर के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार तलाशी की कार्रवाई की।

पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों ने की प्रकृति की पूजा-अर्चना

बघिमा में करमा पर्व की रौनक, थिरके ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम पंचायत बघिमा में सोमवार को पारंपरिक करमा पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर गांव में उत्सवी माहौल रहा।

ग्रामीणों ने अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का निर्वहन करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक रूप से नाच-गान किया। पारंपरिक गीतों की धुन पर ग्रामीण देर तक झूमते नजर आए। पूरे आयोजन में लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। करमा पर्व के अवसर पर गांव के महिला, पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया। गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से लोगों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखा। पर्व के दौरान ग्रामीणों में आपसी मेल-मिलाप और उत्साह का माहौल दिखाई दिया। आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण इस पारंपरिक आयोजन में शामिल हुए।

प्रकृति की पूजा कर मांगी गई सुख-समृद्धि

करमा पर्व आदिवासी समाज की आस्था, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व के माध्यम से लोग प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। ग्राम बघिमा में भी ग्रामीणों ने परंपरानुसार प्रकृति की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा का किया निर्वहन

करमा पर्व केवल नाच-गान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को सहेजने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, पारंपरिक गीतों और नृत्य की जानकारी मिलती है। ग्राम बघिमा में आयोजित इस पर्व ने भी ग्रामीणों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर दिया। ग्रामीणों ने मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। हर साल की तरह इस वर्ष भी करमा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। आयोजन के माध्यम से गांव में सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देखने को मिला।

लोन दिलाने के नाम पर 1.93 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में लोन दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लगभग पौने दो लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि मामले में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

■ फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी दिया वारदात को अंजाम

क्या है पूरा मामला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2026 को प्रार्थी गजानंद चौहान 36 वर्ष, निवासी शांतिनगर, तिलडेगा थाना पत्थलगांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2025 में उसे पैसों की आवश्यकता थी। इसी दौरान भिलाई निवासी चंद्रमणि देवदास ने उसे फोन किया और खुद को 'सोमी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड' का कर्मचारी बताया। आरोपी ने कहा कि उसके पास प्रार्थी के लोन की फाइल आई है और यदि उसे 10 लाख रुपये का लोन चाहिए, तो कंपनी में सुरक्षा निधि सिक्योरिटी मनी के रूप में राशि जमा करनी होगी। आरोपी चंद्रमणि ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी को अपने जाल में फंसाया और सुरक्षा निधि के नाम पर कुल 1 लाख 93 हजार रुपए ऑनलाइन व अन्य माध्यमों से ऐंठने के बाद फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर थाना पत्थलगांव में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

बैंक खातों की तकनीकी जांच से हुआ खुलासा

विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी के बैंक खातों की जानकारी खंगाली और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी चंद्रमणि देवदास भिलाई में छिपा हुआ है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पत्थलगांव पुलिस की एक टीम को भिलाई रवाना किया गया, जहां से आरोपी चंद्रमणि देवदास 33 वर्ष, निवासी भिलाई-3 को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसने और उसके साथियों ने अन्य लोगों के बैंक खातों का उपयोग कर ठगी की इस रकम को निकाला था और अपने निजी तथा घरेलू खर्चों में उपयोग कर लिया।

जेल भेजा गया आरोपी, अन्य की तलाश जारी

पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पत्थलगांव पुलिस ने दिनांक 26 अक्टूबर को आरोपी चंद्रमणि देवदास को विधिवत गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस ठगी में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संपूर्ण कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र कुमार तामकार, प्रधान आरक्षक चंद्रविजय पैंकरा और आरक्षक देव सिंह की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही है।

जिले में भारी वर्षा का अलर्ट, प्रशासन ने की सुरक्षा की अपील

जशपुरनगर। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'अर्नब' तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 27 अक्टूबर से वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

संभावित खराब मौसम को देखते हुए किसानों से अपील की जाती है कि अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें तथा कटी हुई फसल एवं कृषि उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें। जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों से अपील की जाती है कि इस दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें, तेज हवा के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और कच्चे मकानों से दूर रहें, नदी-नालों, जलाशयों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों के पास न जाएं और मौसम संबंधी जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और मोबाइल पर लगातार अपडेट देखते रहें। जिला प्रशासन की ओर से स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आपातकालीन स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष 07763-223732 में संपर्क करें।

चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' को लेकर डीईओ ने स्कूलों में विशेष सावधानी के निर्देश

मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' के प्रभाव से आगामी 3 दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

इस संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुसार चक्रवात के प्रभाव से 28 अक्टूबर को जशपुर जिले के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी तथा कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, साथ ही गरज-चमक के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ सकती है, जिससे सुबह व रात में ठंड बढ़ने की संभावना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य एवं प्रधान पाठक शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों को निर्देशित किया है कि, इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखेंगे तथा उनका सुरक्षा मानकों का पालन करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी विद्यार्थी इस दौरान पेड़ के नीचे न रहे, जर्जर भवन में न रहे, ट्रांसफार्मर से दूरी बनाए रखें, बारिश में कोई न भीगे इसका भी ध्यान रखेंगे। साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने बीआरसी, विकासखंड स्तरीय अधिकारियों और जिला अधिकारियों को तत्काल सूचित करेंगे।

हार-जीत से किसी की काबिलियत कम नहीं होती खेल में भाग लेना भी बड़ी उपलब्धि : मंजूषा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का सोमवार समापन किया गया। राज्य सत्रीय प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन का खिताब रायपुर ने हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल हुई और विभिन्न विधाओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर खेलना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। आप सभी अपनी प्रतिभा और काबिलियत के दम पर यहां तक पहुंचे हैं। हार और जीत का अंतर किसी की काबिलियत को कम नहीं करता। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने आसपास की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इस इसके अलावा महापौर ने सभी छात्र छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बता दें कि प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों के अनुसार बैडमिंटन 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में 17 वर्ष में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा, जबकि बालिका वर्ग में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर ने प्रथम, सरगुजा ने द्वितीय और बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। फुटबॉल 19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने प्रथम, सरगुजा ने द्वितीय और दुर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सॉफ्ट टेनिस की विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 14 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय रहा। 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय रहा, जबकि 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय स्थान पर रहा। सॉफ्ट टेनिस 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा। वहीं 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की ओवरऑल रैंकिंग में रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्ग दूसरे और बिलासपुर तीसरे स्थान पर रहा।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म, दो आरोपियों को 20 साल की सजा

कोरबा। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सोधनराम देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि पाली क्षेत्र में निवासरत राजवीर यादव पिता रामवीर यादव उम्र 19 वर्ष, सचिन दास पिता राजेश यादव उम्र 23 वर्ष द्वारा वर्ष 2013 में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में युवती के परिजनों ने शिकायत पाली थाना में दर्ज करायी थी जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376 (डी), 354/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले में न्यायालय में पेश किया था जहां दोनों आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा के द्वारा 20 वर्ष सश्रम करावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कटघोरा शोधन राम देवांगन ने पैरवी की है।

बाइक से गिरकर किशोरी की मौत

कोरबा। लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोकरमना निवासी संतोषी मंझवार पिता इंजोर साय मंझवार अपने परिचितों के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर पास के गांव में कर्मा देखने गये थे जहां रात को वापस लौटते समय ग्राम डोकरमना के पास ही उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और संतोषी गंभीर रुप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

रील्स की दुनिया में खोता जा रहा बचपन! मोबाइल की लत से बच्चों में बढ़ रही खामोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिस उम्र में बच्चों की किलकारियां और ककहरा के स्वर गूंजना चाहिए, उस बढ़ती उम्र में बच्चे मोबाइल की रील्स की दुनिया में गुम होते जा रहे हैं। मोबाइल स्क्रीन व रील्स के अत्यधिक इस्तेमाल का असर अब इन बच्चों के व्यवहार और शारीरिक व मानसिक विकास पर भी पड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, इस आदत की वजह से हर महीने 35 से अधिक बच्चे अपना इलाज कराने के लिए जतन केन्द्र पहुंच रहे हैं। यानी साल भर में 350 से 400 बच्चों को थेरेपी की जरूरत पड़ रही है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सक व विशेष शिक्षक पालकों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने और स्क्रीन टाइम सीमित रखने की सलाह दे रहे हैं।

अलग खबर

जतन केन्द्र में कार्यरत विशेष शिक्षक महेश्वरी गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि बच्चों की इस आदत को मोबाइल ऑर्टिज्म या वर्चुअल ऑर्टिज्म कहते हैं। जिसमें बच्चे वास्तविक दुनिया के लोगों और माहौल से बातचीत करने के बजाए घंटों स्क्रीन के सामने बिताते हैं, तो उनके मानसिक व सामाजिक विकास में रूकावट आ रही है। जिस मोबाइल को हम वरदान समझते हैं, वह आज बच्चों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। दरअसल, जिले में हर साल 350 से 400 बच्चों में मोबाइल आर्टिज्म के लक्षण सामने आए हैं। यानी हर महिने करीब 35 से 37 बच्चों को इस समस्या से बाहर निकालने के लिए थेरेपी कराने के लिए अभिभावक जतन केन्द्र पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो मानें तो 3 से 5 साल के उम्र के बच्चों में यह लक्षण अधिक सामने आ रहे हैं। यह कहें तो गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया की लत बच्चों के मानसिक विकास को दीमक की तरह चाट रही है।

इस तरह के दिखाए देते हैं लक्षण

- देर से बोलना या भाषा का विकास धीमा होना।
- आंख मिलाकर बात न करना।
- पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना या अनसुना करना।
- सामाजिक बातचीत या घुलने-मिलने में कतराना।
- एक ही तरह की गतिविधि बार-बार करना।
- ध्यान लगाने की क्षमता कम होना।

ग्राम पंचायत चकेरी में हाथियों ने भैंस को मारा

हाथियों के अलग-अलग दलों में बंटने के कारण बढ़ा सुरक्षा का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र उदयपुर में पिछले दो महीने से भ्रमण कर रहे 27 हाथियों का दल जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बीती रात हाथियों का दल ग्राम पंचायत चकेरी के तिंडवारी बस्ती में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने एक भैंस को मार दिया तथा कई स्थानों पर तोड़फोड़ की।

उदयपुर जंगल में भ्रमण कर रहे हाथियों की तबाही से क्षेत्रवासियों की रातें दहशत के साए में गुजर रही है। हाथी शाम ढलते ही अलग-अलग दलों में बंटकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ जा रहा है। धान की फसल अब तैयार होने की स्थिति में है। बरसात की शुरूआत में रोपाई करने वाले किसान अपनी फसल की कटाई शुरू कर दिए हैं जिससे खतरा और अधिक बढ़ गया है। चारो तरफ धान की अच्छी फसल होने के कारण अब हाथियों के चारे का संकट नहीं है इसके बावजूद हाथी शाम ढलते ही चार-पांच दलों में विभक्त हो जा रहे है। पूर्व में हाथी आबादी क्षेत्र में नहीं घुसते थे



लेकिन अब हाथी अचानक बस्ती में पहुंच जा रहे हैं। वन अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लगातार हाथियों की मौजूदगी की सूचना देने के साथ ही हाथियों से दूर रहने की सलाह भी दे रहे हैं लेकिन हाथियों के आबादी क्षेत्र में घुसने पर वन अमले को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बीती रात हाथियों का दल ग्राम पंचायत चकेरी अंतर्गत तिड़वारी में घुस गया। हाथियों के बस्ती में घुसते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वनकर्मियों द्वारा हाथियों के बस्ती के निकट पहुंचने की सूचना पर ग्रामीण अपने-अपने घरों में सुरक्षित कमरों में पहुंच गए। इस दौरान हाथी काफी देर तक गांव की गलियों व ग्रामीणों के घरों के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हाथी जगतराम यादव पिता सुखदेव यादव के घर के पास पहुंचे तो खूंटे से बंधे गाय-भैंस भय से चारो तरफ चक्कर लगाने लगे। इस दौरान एक दंतैल ने खूंटे से बंधी भैंस पर हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई जबकि पास में बंधे अन्य पशु किसी तरह रस्सी तोड़कर भागने में सफल हो गए। वनकर्मियों ने गजराज वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को बस्ती के बाहर खदेड़ा।

लगातार की जा रही निगरानी

हाथियों के अलग-अलग दलों में बंटने के कारण वन अमले को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रभावित क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है।

-फेंकू चौबे
परिक्षेत्राधिकारी

अभयारण्य से भटककर किसान की बाड़ी में पहुंचे तेंदुए के शावक वन विभाग को सौंपा

कटेली। गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल से भटककर एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ सरायपाली वन परिक्षेत्र के कंवरपाली गांव में एक किसान की बाड़ी में पहुंच गई। शावकों को देखकर वन्यजीव प्रेमी किसान डोलचंद पटेल ने संवेदनशीलता का परिचय दिया और तेंदुए के एक शावक को सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द किया। वहीं दूसरे शावक के होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता देखी जा रही है। किसान की सतर्कता और वन्यजीवों के प्रति प्रेम सराहनीय है। वन्यजीवों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में वन्यजीव दिखाई देने पर उनसे दूरी बनाए रखना तथा तत्काल वन विभाग को सूचना देनी चाहिए, ताकि मानव और वन्यजीव दोनों सुरक्षित रह सकें। वन्य जीव प्राणी को अभ्यारण में सुरक्षित छोड़ दीया है।



खबर संक्षेप



आशा की किरण द्वारा किया गया छठवां सेकंड हैंड मेला का आयोजन

अंबिकापुर। अग्रवाल महिला समूह आशा की किरण द्वारा 25 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में छठवें सेकंड हैंड मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल एवं सचिव संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। मेले को लोगों का बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला और यह पूर्णतः सफल रहा। आशा की किरण समूह द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनकी जरूरत का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। दीपावली के अवसर पर आयोजित इस मेले में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। समूह द्वारा उपयोग में न आने वाले सामान को एकत्रित कर उसे उपयोगी बनाया जाता है तथा मेले के माध्यम से कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। इस मेले से प्राप्त धनराशि का उपयोग समूह द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में किया जाता है। आयोजन में कोमल सुल्तानिया, सुजाता अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मधु अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल एवं ममता अग्रवाल की सहभागिता रही।

प्रेमलता को मिली अभा अग्रवाल सम्मेलन के छग प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी

अम्बिकापुर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वंदना टिंबरवाल ने श्रीमती प्रेमलता गोयल की सामाजिक



कार्यों के प्रति निष्ठा, योग्यता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के पद पर सुशोभित किया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल ने बैच लगाकर उन्हें संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी। श्रीमती प्रेमलता गोयल लंबे समय से समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके अनुभव एवं समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

प्रतिमा को आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत में प्रांतीय महिला सह प्रमुख का दायित्व

प्रतापपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समवैचारिक संस्था आरोग्य भारती जिला इकाई से जुड़ी समाजसेविका एवं जिला प्रमुख महिला प्रकोष्ठ



श्रीमती प्रतिमा सिंह को आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत में प्रांतीय महिला सह प्रमुख का नवीन दायित्व सौंपा गया है। इस उपलब्धि से आरोग्य भारती परिवार में हर्ष का माहौल है। श्रीमती प्रतिमा सिंह लंबे समय से सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा से जुड़ी हुई हैं। उन्हें प्रांतीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने को महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम अजबनगर निवासी लक्ष्मी पति ढोला राम (40 वर्ष) बीती रात पति के साथ भोजन करने के पश्चात सो गई। सुबह पति उठा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। पूछताछ करने पर पत्नी ने बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। पति ने तत्काल पड़ोसियों की मदद से पत्नी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना में धौरपुर अंतर्गत डुमरडीह निवासी लक्ष्मी आ. स्व. लोहरा कोरवा (15 वर्ष) एक वर्ष पूर्व धौरपुर क्षेत्र के ही ग्राम जाटा सेमर निवासी सुशील कोरवा से विवाह का रिश्ता तय होने के बाद होने वाला पति के घर में ही रहने लगी। 23 अक्टूबर को सुशील काम करने गया और शाम को वापस घर लौटा तो देखा सविता उल्टी कर रही है। कीटनाशक का गंध आने पर सुशील ने जहर पी लेने की आशंका पर तत्काल उसे धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

दो-तीन महीनों में 300 पेड़ काटे का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

लैंगा-राजापुर मार्ग पर साल के पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

केतका वन सर्किल क्षेत्र के लैंगा चौक से राजापुर सड़क मार्ग के आसपास बेशकीमती साल-सारई के विशाल पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे ग्रामीणों के आरोपों के अनुसार पिछले दो से तीन महीनों के भीतर इस क्षेत्र में लगभग 300 पेड़ काटे जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से केवल कुछ पेड़ों की कटाई की जानकारी दिए जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में वन विभाग की निगरानी व्यवस्था और अवैध कटाई पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

खास बात

- ग्रामीणों ने की जांच और अवैध कटाई पर रोक लगाने की मांग
- वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

ग्रामीणों के मुताबिक केतका वन सर्किल एवं सूरजपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले लैंगा चौक से राजापुर मार्ग तक जंगल में कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही कटाई से कभी घने रहे जंगल का स्वरूप बदलता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। जंगल में पेड़ों की कटाई की स्थिति देखने के दौरान कुछ स्थानों पर कटे हुए पेड़ों के ठूंठ ही ठूंठ दिखाई देते है। दावा किया गया है कि कई ठूंठों पर वन विभाग का हैमर निशान नहीं मिला। इसके अलावा मौके पर हाल ही में काटे गए हरे पेड़ों के अवशेष भी देखे जा सकते है। यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है तो यह जांच का विषय है कि पेड़ों की कटाई किन परिस्थितियों में और किसकी अनुमति से की गई। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि यदि इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है, तो अब तक जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। हालांकि वन विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत अथवा तस्करों से सांठगांठ की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।



जंगल में काटे गए पेड़।

वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठाए सवाल

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जंगल की स्थिति पिछले दस वर्षों में काफी बदल गई है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा नियमित निगरानी नहीं किए जाने के कारण अवैध कटाई करने वालों को मौका मिल रहा है। उन्होंने जंगल में गश्त बढ़ाने, कटे पेड़ों की वास्तविक संख्या का आकलन करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है।

जांच से खुल सकते हैं कई अहम राज

लैंगा चौक से राजापुर मार्ग तक कथित अवैध कटाई का मामला अब जांच की मांग कर रहा है। यदि दो से तीन महीनों में लगभग 300 पेड़ों की कटाई के दावे की पुष्टि होती है, तो यह वन संरक्षण व्यवस्था के लिए गंभीर विषय होगा। जरूरत इस बात की है कि संबंधित क्षेत्र में काटे गए पेड़ों की गिनती कराई जाए, वैध अनुमति और जब्ती संबंधी अभिलेखों का मिलान किया जाए तथा रात में गश्त की व्यवस्था की समीक्षा हो। वन विभाग की जांच केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहती है या वास्तव में अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। जंगल और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

दोषी के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

पेड़ों की कटाई के मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यदि विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी इस मामले में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

-विपुल अग्रवाल, डीएफओ सूरजपुर

कर्मचारियों की कमी

जंगल का क्षेत्र काफी बड़ा है और कर्मचारियों की संख्या कम है। इतने बड़े जंगल में कटाई रोकना चुनौतीपूर्ण है। विभाग पेड़ों की कटाई रोकने का प्रयास करता है, लेकिन रात के अंधेरे में भी पेड़ काटे जा रहे हैं।

-उमेश कुमार वत्रकार, रेंजर सूरजपुर

सीतापुर मुख्य सड़क फोरलेन का मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

वर्षों से जर्जर सड़क, जगह-जगह गड्ढों और उड़ती धूल के बीच आवागमन करने को मजबूर नगरवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आ रही है। दशकों से सड़क की बदहाली से जूझ रहे लोगों का इंतजार अब खत्म होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अंबिकापुर प्रवास के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो के विशेष आतिथ्य एवं अधिकारियों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न होगी।



- 29 अक्टूबर को होगी वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन

विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि सीतापुर नगरवासियों ने वर्षों तक जर्जर सड़क और धूल की समस्या झेली है। लोगों की इस पीड़ा को समझते हुए बेहतर सड़क की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। लगभग 4 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण नगर के आवागमन और विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन की परिकल्पना के अनुरूप सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सड़क निर्माण की यह पहल नगरवासियों के लिए राहत और विकास की नई उम्मीद लेकर आई है। निर्माण पूरा होने पर सीतापुर नगर को लगभग 4 किलोमीटर लंबी सुसज्जित फोरलेन सड़क की सौगात मिलने की उम्मीद है। इससे आवागमन को अधिक सुगम बनाने और धूल व जर्जर सड़क से होने वाली परेशानियों को खत्म किया जा सकेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सीतापुर की तस्वीर बदलेगी और लोगों को धूल भरे रास्तों से राहत मिलेगी।



देश के सबसे तेज धावक अनिमेष को आईजी-एसएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर के सुपुत्र एवं भारत के सबसे तेज धावक अनिमेष कुजूर द्वारा एथलेटिक्स के क्षेत्र में रचे गए ऐतिहासिक इतिहास के उपलक्ष्य में रक्षित केंद्र सभाकक्ष में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आईजी दीपक झा, एसएसपी राजेश अग्रवाल ने अनिमेष कुजूर को सम्मानित किया व अनिमेष कुजूर की इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया।

- 100 मीटर दौड़ में 10.14 सेकंड का रिकॉर्ड बनाकर विदेश में सबसे तेज भारतीय होने का गौरव

अनिमेष कुजूर की खेल यात्रा उपलब्धियों से भरी रही है। जिन्होंने 100 मीटर दौड़ में 10.14 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर जर्मनी के वेट्झलर में विदेश में सबसे तेज भारतीय होने का गौरव हासिल किया है, साथ ही 200 मीटर में 20.32 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। वह डायमंड लीग में दौड़ने वाले और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक भी हैं। 02 जून 2003 को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के ग्राम घुंटगांव में जन्मे, एक पुलिस अधिकारी परिवार से ताल्लुक रखने वाले अनिमेष ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और बस्तर के संघर्षशील मैदानों से निकलकर विश्व मंच तक का यह सफर तय किया है। उन्होंने एशियाई खेल 2026 और एशियाई रिले चैंपियनशिप में कांस्य पदक तथा सीनियर फेडरेशन कप 2026 व इंटर-स्टेट 2026 में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के अंत में एक अन्य विशेष उपलब्धि के तहत, पुलिस मुख्यालय से प्राप्त साइबर जागृति अभियान में सरगुजा पुलिस द्वारा सरगुजा रेंज में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर, आईजी, एसएसपी को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सीएसपी प्रतीक बंसोड़, डीएसपी तुल सिंह पट्टावी, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, प्रशिक्षु सूबेदार पेमिन वर्मा, प्रशिक्षु सूबेदार गुलशन चंद्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एवं पुलिस परिवार उपस्थित रहे।

सीएम विष्णुदेव साय के साथ ही केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव होंगे शामिल

जन्म दिवस के अवसर पर होगा प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जन्मशताब्दी के अवसर पर बाबा कार्तिक उरांव के पहले चौक का लोकार्पण किया जाएगा। कार्तिक उरांव चौक के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही केंद्रीय मंत्री जुवेल उरांव के भी शामिल होने की संभावना है। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। 29 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उरांव समाज के साथ आदिवासी समाज के लोग प्रदेशभर से शामिल होंगे। लोकार्पण के बाद मंचीय कार्यक्रम कलाकेन्द्र मैदान में किया जाएगा।

बता दें कि नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की पहल पर नगर निगम में प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का निर्माण कराया जा रहा है। कार्तिक उरांव चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम 29 अक्टूबर 2025 को किया गया



था। पुराने नगर निगम भवन के सामने ही कार्तिक उरांव चौक के निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। लगभग 38 लाख रूपए की लागत से चल रहे चौक निर्माण का कार्य अब पूर्णता की ओर है और जल ही कार्तिक उरांव की प्रतिमा भी स्थापित कर दी जाएगी। बड़ी बात यह है कि कार्तिक उरांव चौक का लोकार्पण और प्रतिमा का अनावरण एक साल के अंदर उनके जन्म शताब्दी के अवसर पर 29 अक्टूबर को ही किया जाएगा। महापौर श्रीमती भगत के नेतृत्व में पहले चौक के लोकार्पण की तैयारियां जोर शोर से चल रही है और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से आदिवासी समाज के नेताओं को न्यौता दिया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के साथ ही अन्य आदिवासी नेता भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। चौक के लोकार्पण के बाद मंचीय कार्यक्रम कला केंद्र मैदान में होगा। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज से लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। बता दें कि कार्तिक उरांव ने अपने जीवन काल में लगातार आदिवासी समाज, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए काम किया। वे मतांतरण के खिलाफ थे और जनजातीय समाज के धर्म, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए 300 से ज्यादा सांसदों के हस्ताक्षर के साथ बाबा कार्तिक उरांव ने बिल पेश किया था लेकिन वो पास नहीं हो पाया। इस कार्यक्रम में भी समाज की ओर से डीलिस्टिंग और धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की आवाज बुलंद की जाएगी।

चल रही है तैयारियां

कार्तिक उरांव चौक के लोकार्पण को लेकर तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव शामिल होंगे। इसके साथ ही प्रदेश भर के आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर नगि

फोन खरीदने पैसा नहीं मिला को युवक कूद गया ट्रेन के सामने, मौत

अम्बिकापुर। स्मार्ट फोन खरीदने के लिए मां ने पैसा नहीं दिया तो युवक के गुस्सा में आकर दुर्ग से रही ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महावीरपुर निवासी गोलू कुमार आ. धन साय (26 वर्ष) सोमवार की सुबह मां धनपतिया से स्मार्ट फोन किस्त में खरीदने के लिए पैसा की मांग कर रहा था। जिस पर मां ने पैसा नहीं होने और पिता के आने के बाद बात कर लेने की बात कही लेकिन युवक नहीं माना और मां से स्मार्ट फोन खरीदने की जिद करने लगा और पैसा नहीं देने पर मरने की धमकी देने लगा। बेटा के जिद करने पर मां गुस्से में चले जाने की बात कही। इसी बीच युवक घर से निकला और घर से महज सौ मीटर दूर रेलवे लाइन पर पहुंचा तभी दुर्ग से अम्बिकापुर आ रही ट्रेन के सामने कुद गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंच और युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आईसीयू में युवक ने दम तोड़ दिया।

असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में लगाई आग

सीतापुर। बीती रात किसान के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने के बाद लोग बुझा पाते उससे पहले ही ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया। इस आगजनी के पीछे नशेड़ी किस्म के लोगों का हाथ बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती रात थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम डुमरपारा कतकलो में किसान ओमप्रकाश यादव आ. हरि यादव की ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। ट्रैक्टर के पीछे धान मिसाई करने वाला थ्रेसर मशीन लगा हुआ था। जिसे असामाजिक तत्वों ने देर रात को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद जब टायर फटने की आवाज आई तब घर मालिक किसी अनहोनी की आशंका से बाहर निकला। बाहर निकलते ही उसने देखा कि घर के बाहर थ्रेशर मशीन

- ग्रामीणों में नशेड़ी युवकों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत



समेत खड़ी उसकी ट्रैक्टर आग के लपटों से घिरी हुई थी। किसान और उसका परिवार ट्रैक्टर में लगी आग बुझा पाते उससे पहले ही ट्रैक्टर जलकर खाक हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित किसान ने थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध ट्रैक्टर में आगजनी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं इस घटना के पीछे नशेड़ियों के होने की आशंका जताई जा रही हैं। किसान समेत ग्रामीणों का कहना है कि रोज रात को नशेड़ियों का ग्रुप नशे में धुत होने के बाद गांव में हंगामा करते हैं। इस दौरान वो अनजान लोगों के साथ नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की मांग करते हैं नही देने पर लूटपाट पर उतारू हो जाते है। गांव में नशेड़ियों को आतंक इस कदर है कि लोग गांव में इनके आतंक का विरोध करने के बजाये अंधेरा होते ही घरों में दुबक जाते है। जिसकी वजह से इनके हौसले काफी बढ़ गये है और ये बेखौफ होकर गांव में आतंक मचाते है। बीती रात किसान के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर में आगजनी के पीछे इन्ही के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि पीड़ति पक्ष ने इस घटना की सूचना थाने में दी है।

एसएसआर कराना इस बात की पुष्टि कि एसआईआर में थी खामियां : सिंहदेव



अंबिकापुर। अंबिकापुर। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि एसआईआर के बाद चुनाव आयोग के द्वारा अब पुनः एसएसआर कराया जा रहा है जो इस बात की पुष्टि है कि एसआईआर में गंभीर खामियां थी। उन्होंने एसआईआर में छुटे मतदाताओं के लिए फार्म 6 के उपयोग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि फार्म 6 एवं इसका घोषणापत्र नये मतदाता के लिए है, लेकिन अगर एसआईआर में छूटे मतदाता का नाम जोड़ने इस फार्म का उपयोग किया जाएगा तो यह गैरकानूनी तरीका होगा एवं इस फार्म के माध्यम से पुनः नाम जुड़वाने वाले नागरिकों को कभी भी कानून के उल्लंघन का दोषी बतला दंडित किया जा सकेगा।

- पर्यवेक्षक पटनायक ने कहा : लड़ रहे देश के प्रत्येक नागरिक के व्यक्तिगत अधिकार की लड़ाई

श्री सिंहदेव सोमवार को कांग्रेस के वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन के तीसरे चरण की तैयारियों एवं 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित बीएलओ की बैठक के पूर्व पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि एसआईआर में छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए उन्हें संसद के माध्यम से संसोधित फार्म स्वीकृत कराकर उसके उपरांत एसएसआर की प्रक्रिया के माध्यम से छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीन पर भाजपा का जनाधार समाप्त हो गया है और वो ज्ञानेश कुमार जैसे चुनाव आयुक्त के सहारे मतदाता सूची की गड़बड़ी के माध्यम से चुनाव जीत रही है। वहीं श्री सिंहदेव ने देश में मणिपुर में जारी हिंसा, अरुणाचल प्रदेश में हुई घुसपैठ को लेकर भी सवाल उठाए। एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक देवाशीष पटनायक ने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैर संवैधानिक थी।

इसके जरिए देश के 13 करोड़ लोगों का नाम मतदाता सूची से विलोपित किया गया। इस देश विरोधी और गैर संवैधानिक कार्य के विरुद्ध कांग्रेस और इंडिया गठबंधन आज संघर्ष कर रहा है।

बलरामपुर खदान से 80 मीटर आर्मर्ड केबल की चोरी

एसईसीएल की खदान और वर्कशॉप में हथियारबंद चोरों का धावा, कर्मचारियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर की बलरामपुर 10/12 भूमिगत खदान और बिश्रामपुर स्थित एक्सवेशन वर्कशॉप में हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर कंपनी के सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। रविवार रात हुई इन वारदातों में बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को धारदार हथियार दिखाकर बंधक बनाया और कीमती केबल लूटकर फरार हो गए।

वहीं, एक्सवेशन वर्कशॉप के समीप खड़ी एक मोटरसाइकिल को चोरो ने आग के हवाले कर दिया । एक ही रात में दो स्थानों पर हुई इन घटनाओं से एसईसीएल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया है। लगातार हो रही चोरी और लूटपाट की घटनाओं से खदान के कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है।अभी पखवाड़े भर पूर्व सात आठ खदान से लाखों का केवल बदमाशो ने काट कर पार कर दिया था।



पीड़ित कर्मचारी।



जलाई गई बाइक।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 8:30 बजे 25 से 30 की संख्या में हथियारबंद बदमाश बलरामपुर 10/12 अंडरग्राउंड खदान पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को धारदार हथियार दिखाकर बंधक बना लिया और खदान से आर्मर्ड केबल का करीब 80 मीटर हिस्सा काटकर ले गए। बताया जा रहा है कि इसी रात करीब एक बजे बदमाशों ने दोबारा वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में दो बार हुई घटना ने खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।बता दें कि कुमदा क्षेत्र की दोनों खदान पिछले डेढ़ वर्षों से बंद पड़ी है।

दो-तीन दिन पहले भी जवानों से हुई थी झड़प

बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पहले भी बलरामपुर खदान में त्रिपुरा बटालियन के जवानों और बदमाशों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने जवानों के वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बावजूद खदान और वर्कशॉप में हुई ताजा घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही इन वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसईसीएल प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियां क्या ठोस कदम उठाती हैं, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल कर्मचारियों की सुरक्षा और खदानों की संपत्तियों की हिफाजत को लेकर प्रभावी कार्यवाही आवश्यक हो गई है। घटना की सूचना प्रबंधन ने लिखित रूपस थाने में की है।



कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

लॉस एंजिल्स। मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं!' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। मरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में धोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रिलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।

ढिंढोरा सीजन 1: भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बत्था : सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

मीठे में क्या है: अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।

अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

इमोर्टल : यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

अक्का: कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

खबर संक्षेप

30 को मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव

रायगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त 30 अक्टूबर को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से पात्र किसानों के खातों में किस्त की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर देशभर में पीएम.किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया है।

आठवीं वर्षगांठ पर तीन युवाओं ने ली सदस्यता

चंद्रपुर। एकता सोशल हेल्प ऑर्गेनाइजेशन चंद्रपुर टीम एकता ने अपनी स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आठवीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर संगठन के सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों से प्रभावित होकर तीन युवाओं रोहन ठाकुर, सुभाष सिंह राठौर एवं जयंत दास महंत ने टीम एकता की सदस्यता ग्रहण करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष दिनेश देवांगन सहित संगठन के सदस्यों ने नए साथियों का स्वागत किया। टीम एकता पिछले आठ वर्षों से समाजहित और मानव सेवा के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। संगठन द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन एवं अध्ययन सामग्री वितरित करने के साथ ही ठंड के मौसम में कंबल वितरण, वृद्धजनों को भोजन सेवा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कार्य किए जाते रहे हैं। इसके अलावा संगठन रक्तदान, गौसेवा, भारत माता की महाआरती, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक और जनहितकारी कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कोरोना महामारी के कठिन दौर में भी टीम एकता ने जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मानव सेवा का परिचय दिया।

पीएम आवास के निर्माण कार्यों में तेजी लाने निर्देश

कटेली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए सारंगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में समीक्षा और निगरानी तेज कर दी गई है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में आवास निर्माण कार्यों को गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस नायक ने ग्राम सालर में आसपास की 10 ग्राम पंचायतों के सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की जानकारी ली तथा अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नायक ने समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत गोड़ीहारी, दानसरा और अचानकपाली में लंबित आवास निर्माण कार्यों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पंचायत सचिवों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

शादी का वादा कर नाबालिग का शोषण, गिरफ्तार

रायगढ़। नाबालिग बालिका के शारीरिक शोषण के मामले में लैलूंगा पुलिस ने आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शादी का झांसा देकर नाबालिग को अपने साथ रखने और करीब 6 महीने तक उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि फरवरी 2025 में उनकी करीब 17 वर्षीय बेटी गांव के जंगल में बैल चराने गई थी। दोपहर में घर लौटने के बाद वह रोने लगी। परिजनों के पूछने पर उसने पास के गांव के युवक द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने की जानकारी दी। आरोपी ने नाबालिग को शादी कर पत्नी बनाकर रखने का भरोसा दिया था। आरोप है कि उसकी उम्र कम होने की जानकारी के बावजूद युवक उसे अपने साथ ले गया और करीब छह महीने तक अपने पास रखकर शारीरिक शोषण करता रहा।

समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, 43 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिन प्रकरणों में विभागीय जांच, स्थल निरीक्षण अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रिया की जरूरत है, उनमें नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आवेदकों को राहत दिलाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निगरानी रखें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाना आवश्यक है। आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत होने के साथ ही प्रशासनिक कार्यवाही के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से ऐसे मामलों पर ध्यान देने के निर्देश दिए, जिनमें आम नागरिकों को लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनदर्शन के दौरान कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व संबंधी प्रकरणों, साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं, सड़क एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण, आजीविका से जुड़े विषयों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदनों की प्रकृति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने, पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से जनदर्शन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के समाधान, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा आम जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

वेतन विसंगतिः पीवी ऐप के खिलाफ पटवारियों का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वेतन विसंगति दूर करने और पीवी ऐप के जरिए भौतिक सत्यापन के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर जिले के पटवारी पिछले 16 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले आंदोलन कर रहे पटवारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग उठाई है। पटवारियों का कहना है कि मांगों का स्थायी समाधान होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर, हड़ताल के कारण राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित होने से आम लोगों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से जमीन, नक्शे और खसरे का भौतिक सत्यापन महज तीन दिनों में पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने इस संबंध में पहले भी शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थीं। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने का दबाव बनाए जाने से पटवारियों में नाराजगी है। पटवारियों का कहना है कि बड़े पैमाने पर भौतिक सत्यापन का काम तीन दिनों में पूरा करना व्यावहारिक नहीं है। जल्दबाजी में त्रुटियां होने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए फसल गिरदावरी की तरह सत्यापन कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। संघ ने स्पष्ट किया है कि उचित समय सीमा निर्धारित होने तक पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

ग्रेड पे बढ़ा, लेकिन वेतन निर्धारण में विसंगति- संघ के प्रतिनिधि निशिकांत के मुताबिक, 1 अप्रैल 2017 से पटवारियों का ग्रेड पे 2 हजार 200 रुपए से बढ़ाकर 2 हजार 400 रुपए किया गया था। इसके बावजूद वेतन निर्धारण में कथित विसंगतियों के कारण समान समय और समान योग्यता के आधार पर नियुक्त पटवारियों के वेतन में अंतर बना हुआ है। अलग-अलग तहसीलों में पदस्थ समान संवर्ग के कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन मिलने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पटवारियों का दावा है कि वेतन निर्धारण में गड़बड़ी के कारण उनके मूल वेतन के साथ महंगाई भत्ते और वार्षिक वेतन वृद्धि पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा पुनरीक्षित वेतन के आधार पर मिलने वाला एरियर लंबित है।

वेतन निर्धारण से लेकर पीवी ऐप तक, ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ ने 1 अप्रैल 2017 से नियमानुसार संशोधित वेतन निर्धारण करने, वेतन संबंधी तकनीकी विसंगतियों की जांच करने, समयमान वेतनमान का लाभ देने और बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग की है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन एवं ग्रेच्युटी प्रकरणों का निराकरण करने, पीवी ऐप के सत्यापन कार्य के लिए पर्याप्त समय देने और सभी मांगों के समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट प्रशासनिक आदेश जारी करने की मांग की गई है।

16 दिन बाद भी समाधान नहीं, पटवारियों में नाराजगी

आंदोलनकारी पटवारियों ने आरोप लगाया कि 16 दिनों से हड़ताल जारी रहने और ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक कोई वरिष्ठ अधिकारी या जनप्रतिनिधि उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में ग्रामीण सड़कों का हो रहा कायाकल्प

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

लगभग 2 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से 2.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क के बनकर तैयार होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जशपुर जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों को गति दी जा रही है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, ग्रामीणों की आवाजाही आसान बनाने और स्थानीय विकास को गति देने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सड़क अधोसंरचना के विस्तार पर जोर दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण पूरा होना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों ने क्षेत्र की मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया है।

चक्रवाती तूफान का असर जिले में भी, तीन दिन भारी बारिश की आशंका

रायगढ़। चक्रवात का प्रभाव जिले में देखने को मिल सकता है। ऐसे में तीन दिन 27 से 29 अक्टूबर तक भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। इसे देखते हुए कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने और जरूरी तैयारियां रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की प्राथमिकता जनहानि रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिला और तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट रहेंगे। बिना अनुमति कोई भी अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। नगर निगम, पंचायत और राजस्व विभाग को जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान करने और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। राहत शिविर तैयार रखने के साथ बचाव दलों को नाव, लाइफ जैकेट और अन्य जरूरी उपकरणों के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग बांधों और जलाशयों के जलस्तर की लगातार निगरानी करेगा।

ग्रामीण इलाकों में मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़, बिना अटेंडर दौड़ रही स्कूली बसें

घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली, बंधापाली में वैनों में क्षमता से दोगुने बच्चे रहते हैं सवार



घौठला बड़े। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के शहरी क्षेत्रों में परिवहन विभाग और पुलिस की कार्रवाई के चलते नियमों का कुछ हद तक पालन दिखाई देता है, लेकिन सारंगढ़ जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थिति बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों की बसों और वैनों में नौनिहालों की सुरक्षा को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। आरटीओ की सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की धज्जियां उड़ाते हुए इन ग्रामीण रूटों पर बसें बिना किसी हेल्पर या अटेंडेंट के दौड़ रही हैं। वहीं स्कूली वैनों में क्षमता से दोगुने बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है।

ग्रामीण इलाकों की सिंगल लेन, गड्ढों वाली सड़कों और तीव्र मोड़ों पर बिना अटेंडेंट के बसें चलाना और क्षमता से अधिक बच्चों को वैन में बैठाना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। ड्राइवर का ध्यान पूरी तरह ड्राइविंग पर होना चाहिए, लेकिन हेल्पर न होने और वैन में अत्यधिक ओवरलोडिंग के कारण हादसों की संभावना हर समय बनी रहती है। 7 से 8 सीट की क्षमता वाली वैनों में 15 से 18 तक छोटे-छोटे मासूम बच्चों को बैठाया जा रहा है। वैन चालक गाड़ी में बच्चों के बैग और खुद बच्चों को इस कदर ठूंसते हैं कि बच्चों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। सुरक्षा उपकरणों का भी कोई अता-पता नहीं रहता। बसों में हेल्पर गायबः सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार हर स्कूल बस में कम से कम एक अटेंडेंट और छात्राओं के लिए महिला अटेंडेंट का होना अनिवार्य है। लेकिन घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली के ग्रामीण रूटों पर बिना अटेंडेंट के ही बसें चलाई जा रही हैं। जांच का अभावः आरटीओ और पुलिस की चेकिंग कार्रवाई केवल शहरी सीमा तक सिमट कर रह गई है, जिससे ग्रामीण इलाकों के स्कूल संचालक और वाहन चालक मनमानी पर उतारू हैं।

करेंगे कार्रवाई

मामले को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से चर्चा की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं होगा। हमने कुछ ही दिनों पहले कई स्कूल वाहनों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की है। अब घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में चलने वाली स्कूल बसों व वैनों की विशेष जांच करवाई जाएगी। वैन में सीट क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने और बसों में हेल्पर न रखने वाले वाहन स्वामियों व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण अभिभावकों में रोष

घौठला बड़े, सालर, संधान, माधोपाली और बंधापाली क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि वे भी पूरी फीस चुकाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। वैन में बच्चों को ओवरलोड कर ले जाने और बसों में हेल्पर न होने से कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सम्मान

105 देसी धान किस्मों को सहेजने वाले किसान को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित



रायगढ़। लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम खैरबहर निवासी प्रगतिशील किसान भवानी शंकर पंडा को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चौधरी मित्रसेन समिति कृषक सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

24 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त, संचालक कृषि सहित कृषि विभाग के अधिकारी और प्रदेशभर के किसान उपस्थित रहे। किसान भवानी शंकर पंडा जैविक खेती के साथ देशी धान की 105 किस्मों को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इन पारंपरिक किस्मों को सहेजने के लिए धान संग्रहालय बनाया है। यहां विभिन्न किस्मों के बीजों को सुरक्षित रखने के साथ छोटे-छोटे भूखंडों में उनकी खेती कर बीजों का संवर्धन भी किया जा रहा है।

श्री पंडा ने खेती में नवाचार करते हुए धान के स्थान पर तिल की खेती भी की है। वहीं इस वर्ष सात एकड़ में सुगंधित जवाफूल धान की खेती कर रहे हैं। देशी बीजों का संरक्षण, जैविक खेती और फसल विविधीकरण के प्रति उनके प्रयास पारंपरिक कृषि ज्ञान को सहेजने के साथ खेती के नए तरीकों को बढ़ावा दे रहे हैं।

जंगल में चल रहा था जुए का फड़ छापेमारी में 6 जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने धरमजयगढ़ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। दर्रीडीह-खलबोरा के बीच जंगल में 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मौके से 22 हजार 180 नकद, सात मोबाइल फोन और चार मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति की 3 लाख 22 हजार 180 बताई गई है।

आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस को दर्रीडीह-खलबोरा के बीच जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके के लिए रवाना की गई। पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में जंगल में घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान छह लोग जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही सभी को पकड़ लिया। मामले में थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की हड़ताल, निकाली रैली



जशपुरनगर। संयुक्त मंच के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को प्रदेशभर के साथ-साथ जशपुर जिले में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने एक दिवसीय हड़ताल, धरना-प्रदर्शन, एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया।

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजीयन क्रमांक 409 के बैनर तले जिले भर की सैकड़ों कार्यकर्ता-सहायिकाएं सुबह रणजीता स्टेडियम चौक के पास एकत्रित हुईं। यहां धरना-प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने के लिए आवाज उठाई गई। इसके बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर जशपुर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के नाम संबोधित था। ज्ञापन में संयुक्त मंच की 5 सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुए शासन से गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक एवं समयबद्ध निर्णय लेने की मांग की गई। संघ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में उनका अहम योगदान है, लेकिन उनके मानदेय, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषय आज भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

पुसौर में ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा का आयोजन

रायगढ़। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक के 31 संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई। पहले वर्ग में कक्षा 6वीं से 8वीं और दूसरे में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा के बाद चयनित विद्यार्थियों की टीमों ने पासिंग राउंड, बहुविकल्पीय प्रश्न, बजर राउंड और चित्र पहचानो जैसे चरणों में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई, जिसे शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहा।

